शुक्रवार, 26 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 250, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

PAGE NO : 06 BOTTOM

निसंतान होना आज समस्या नहीं, आईवीएफ है समाधान

बरेली ,अमृत विचार : एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में गुरुवार को विश्व आईवीएफ दिवस मनाया गया। एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति ने कहा कि विभिन्न कारणों से आज निसंतानता बढ़ रही है, लेकिन आज के दौर में यह कोई समस्या या तनाव की बात नहीं है। उन्होंने कहा कि आईवीएफ के जरिये बच्चे की इच्छा कभी भी और किसी भी उम्र में पूरी हो सकती है। स्त्री और प्रसूति रोग विभाग की अध्यक्ष और आईवीएफ विशेषज्ञ डॉ. शशि बाला, डॉ. अतुल कुमार, डॉ. रुचिका गोयल और डॉ. मृदु सिन्हा ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इससे जुड़ी भ्रांतियों का भी समाधान किया गया। विशेषज्ञों ने उपस्थित लोगों के सवालों के जवाब भी दिए। इस अवसर पर प्रिंसिपल एयरमार्शल डॉ. एमएस बुटोला, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. आरपी सिंह, डिप्टी एमएस डॉ. सीएम चतुर्वेदी, डीन यूजी डॉ. नीलिमा मेहरोत्रा, डॉ. पियूष कुमार, डॉ. एसके सागर, डॉ. मनोज कुमार टांगड़ी, डॉ. गीता कार्की और अन्य विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।